# महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24

राष्ट्रीय मुल्यांकन एवं प्रत्यानन परिषद् बैंगलोर द्वारा सायकल 3 मुल्यांकित एवं B+ श्रेणी में प्रत्यायित शा. निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, जिला – बिलासपुर की स्थापना 24 सितंबर 1984 में कला एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर से हुई। वर्तमान में महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर सहित अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, हिंदी साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर स्तर में अध्यापन की व्यवस्था है। वर्तमान् सत्र में महाविद्यालय में 1124 छात्र/छात्राएं अध्ययनरत् हैं तथा लगभग 80% छात्र छात्राएं अनुसुचित जाति, अनुसुचित जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से है।

महाविद्यालय का special college code 2809 तथा AISHE code C- 22387 है। website: https://gnkckota.ac.in सहित email id gnkckota@gmail.com है। महाविद्याालय का परीक्षाकाल सदैव ही उत्कृष्ट रहा है। गत वर्ष 22–23 में बी.ए. अंतिम का परीक्षाकाल 65%, बी एस सी अंतिम का 64 प्रतिशत, तथा बी.कॉम. अंतिम का 85%, रहा तथा एम. ए. हिन्दी का 63% सहित राजनीति एम.ए. में 28 %, समाजशास्त्र एम. ए. में 79%, एवं अर्थशास्त्र तथा अंग्रेजी साहित्य एम. ए. में 100% परीक्षाफल रहा, जो कि महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। कुल परीक्षा परिणाम 69 प्रतिशत प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय में 1986 से राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई संचालित है। समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का निर्माण के अपने उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु इकाई द्वारा नियमित एवं विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेष गतिविधियों के अंतर्गत "नशामुक्त समाज के लिए युवा" थीम पर आधारित 7 दिवसीय विशेष शिविर 05 से 11 दिसम्बर 2023 को ग्राम सल्का नवागांव विकासखंड कोटा में आयोजित किया गया। जिसमें 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में परियोजना कार्य के अंतर्गत बौद्धिक एवं विविध सांस्कृतिक– गतिविधियों का संचालन किया गया।

एन एस एस एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तवर्ग परीक्षण, स्वास्थ्य परिचर्चा, पर्यावरण संरक्षण, नेत्रदान एवं युवादिवस सहित विभिन्न विषयों पर स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में विकित्सकों की सहभागीता के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, वाद विवाद परिचर्चा एवं ~~निबंध~~ चित्रकला प्रतियोगिता के साथ–साथ मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

महाविद्यालय में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, तथा स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र सहित खेल दिवस, पुस्तकालय दिवस, शिक्षक दिवस, तथा संविधान दिवस भी मनाया गया। महाविद्यालय विकसित भारत @ 2047 के तहत नवाचार विज्ञान विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं सशक्त भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण का भी आयोजन किया गया जिसमें, नई शिक्षा नीति के तहत लागू नए पाठ्यक्रम से अवगत हुए।

महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं ने व्हालीबॉल, कबड्डी, खो–खो, आर्चरी, हैण्डबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन तथा दौड़ सहित व्यक्तिगत खेलों में भी सेक्टर, स्टेट लेवल, महाविद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपरोक्त सभी खेलों में खिलाड़ियों ने स्टेट लेवल में तथा ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी टूर्नामेंट में चयनित होकर महाविद्यालय को गौरान्वित किया।

वर्तमान में महाविद्यालय में 15 सहायक प्राध्यापक सहित क्रीड़ाधिकारी एवं ग्रंथपाल कार्यरत है। प्राध्यापक के पांच पद सहित प्राचार्य का पद रिक्त है तथा प्राध्यापक पद के विरूद्ध पांच अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं।

ब्रज. कु. उपाध्याय
(छात्र संघ प्रभारी)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय निरंजन केषरवानी महाविद्यालय
## कोटा,जिला - बिलासपुर (छ.ग.) सत्र 2022-2023

Email. - rajeshsinghlnipe@gmail.com Mob. No. 9074774654,7987596458


## प्रतिवेदन

### खेल उपलब्धियां :–

1. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय विभिन्न खेल विद्याओं में महाविद्यालय के 95 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।
2. परिक्षेत्र स्तरीय विभिन्न खेल विद्याओं में से वॉलीबाल स्पर्धा में महाविद्यालय उपविजेता रही।
3. परिक्षेत्र स्तरीय प्रतियोगीता में उत्कृट प्रदर्शन करने के परिणामस्वरूप राज्य स्तरीय प्रतियोगीता महाविद्यालय के 6 विद्यार्थी चयनित हुए जिसमे वॉलीबाल में 3, कबड्डी में 2 और खो–खो में 1 साथ ही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगीता में बिलासपुर सेक्टर की टीम उपविजेता रही।
4. पूर्वी क्षेत्रीय अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगीता में महाविद्यालय के 04 छात्र–छात्राओं का चयन किया गया जिसमें विकास कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र ने तीरंदाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 2 कांस्य पदक प्राप्त किया।
5. अखिल भारतीय अंतरमहाविद्यालयीन तीरंदाजी प्रतियोगीता में पुनः विकास कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र ने तीरंदाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 1 रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवांवित किया।
6. 30वी वरिष्ट राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगीता, अयोध्या में 50 मी0 स्पर्धा में पुनः विकास कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र ने तीरंदाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 1 रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया।
7. गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल, प्रतियोगिता 2023 में महाविद्यालय छात्र विकास कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष का चयन हुआ जिसमें तीरंदाजी टीम प्रतियोगीता में छ0ग0 की टीम ने महाराष्ट्र को 5–1 से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त किया।
8. प्रतिवर्ष की भांती वर्ष 2023–24 में महाविद्यालय ने वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया जिसमें विभिन्न खेल विद्यायें जैसे :– वॉलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट, खो–खो, रस्सा–कसी, एथिलेटिक्स महिला एवं पुरूष वर्ग में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के लगभग 350 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया उक्त प्रतियोगीता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरूष वर्ग में अंकित यादव बी0 कॉम तृतीय वर्ष और महिला वर्ग में कविता मरावी बी0ए0 प्रथम वर्ष रहे।

राजेश सिंह
(क्रीड़ा अधिकारी)